तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 14 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बोर्ड परीक्षा में कमाल: बारहवीं में अभिनव जैन और ...



10 कॉलोनाइजरों को लाभ पहुंचाने सरकारी ..



# नारायणपुर में लगा सुशासन का मेला, समस्याएं भी सुलझीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

जिले के विकासखंड नवागढ़ का ग्राम नारायणपुर, जो आम दिनों में खेत-खलिहान की गंध में डूबा रहता है, वहां सुशासन तिहार का रंग चढ़ा हुआ था। नवागढ़ विकासखंड के इस छोटे से गांव में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन हुआ, जो नाम के साथ-साथ वास्तव में भी 'समाधान' लेकर आया।

मुख्य मंच पर जब प्रदेश के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल पहुंचे, तो उनका स्वागत पारंपरिक तरीकों के साथ अनुविभागीय अधिकारी दिव्या पोटाई ने किया। लेकिन मंच पर सिर्फ भाषण नहीं हुआ। यह मंच बना ग्रामीणों की समस्याओं के समाधानों का गवाह।

## 1497 आवेदन अप्रैल में समाधान पेटी में गिरे थे, उनके उत्तर के साथ लौटे अफसर

### पीएम आवास में रिश्वत की गुंजाइश नहीं: मंत्री

महतारी वंदन योजना की चर्चा भी खूब हुई, जिसमें माताओं-बहनों को आर्थिक संबल मिल रहा है। हां, मंत्री ने यह साफ कर दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में "रिश्वत की कोई गुंजाइश नहीं", शिकायत पर सख्त कार्रवाई होगी।



### आवास प्लस योजना में दी गई है राहत

मंत्री श्री बघेल ने कहा,"यह शिविर सिर्फ समस्याएं सुलझाने नहीं आया है, यह यह बताने आया है कि सरकार आपके दरवाजे तक पहुँची है। उन्होंने बताया कि 18 लाख गरीब परिवारों के लिए आवास स्वीकृत हुए हैं और आवास प्लस योजना की पात्रता में राहत दी गई है, ताकि कोई भी गरीब पीछे न रह जाए। शिविर में स्कूली मेधावी विद्यार्थियों को जब सम्मान मिला, तो मंच पर एक और कहानी लिखी गई,उज्ज्वल भविष्य की।

नारायणपुर स्कूल का मैदान, सोमवार को समस्या, समाधान और सम्मान का संगम बन गया। शिविर में सबसे खास बात यह रही कि 8 गांवों के 1497 आवेदन जो कि अप्रैल में समाधान पेटी में गिरे थे ।आज उनके उत्तर के साथ लौटे।

कोई राजपत्र नहीं, कोई भारी फाइल नहीं, सीधा संवाद और सरल समाधान हुआ। नोनी सुरक्षा पासबुक, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सम्मान प्रमाण पत्र ये सिर्फ कागज़ नहीं थे, ये सरकार की पहुंच का प्रमाण बने। बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष जब हाथ में कार्ड लेकर मुस्कराए, तो यह कार्यक्रम एक सरकारी आयोजन से ज्यादा एक भरोसे की तस्वीर बन गया।

## खबर संक्षेप

### गुधेली से बेरला कला मार्ग में हो रहे हादसे



**बेरला।** ब्लॉक के सीमावर्तीय क्षेत्र ग्राम बेरलाकला स्थित खारून नदी से सटा हुआ बेमेतरा जिला का अंतिम गांव है जो कि राजधानी रायपुर से खारून नदी होते हुए बेमेतरा जिला को जोड़ती है। व्यवसायिक एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से सक्षम ग्राम गुधेली से बेमेतरा जिला का अंतिम गाँव बेरला कला जाने का महज 4 किमी का मार्ग अब आम रास्ता नहीं रहा बल्कि जानलेवा हो चुका है। इसका अंदाजा सड़क पर हुए अनगिनत गड्ढों से लगाया जा सकता है। जहां हादसों के लिए रात के अंधेरे की आवश्यकता नहीं है। इतने खतरनाक गड्ढे हैं कि आये दिन कई हादसे देखने को मिलते है तो वहीं खारून नदी पर निर्मित बाना बेरला एनिकट की हालत जर्जर होने के बावजूद रोजाना सैंकड़ों ओवरलोड ट्रकों का निरंतर आवागमन भी बेमेतरा जिला की ओर बना रहता है। इसी सड़क पर ग्राम बेरला कला से अधिकांश विद्यार्थी रोजाना गुधेली स्कूल आते हैं तो वहीं बेरला भिंभौरी तहसील क्षेत्र के कई गांवों के हजारों लोग जो कि औद्योगिक क्षेत्र उरला, बिरगांव, रायपुर शहर की ओर रोजाना काम पर जाते हैं वे गुधेली बेरलाकला मार्ग से होते हुए ही राजधानी की ओर जाते हैं जिन्हे सड़क और पुल खराब होने की वजह से आए दिन कई दिक्क़तों का सामना करना पड़ता है।

## कार्रवाई

### संगठित गिरोह गिरफ्तार, 4.88 लाख की संपत्ति बरामद

# लूट और सरिया चोरी की घटनाओं में पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में बीते कुछ हफ्तों से हो रही लूट और सरिया चोरी की घटनाओं ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी थी।

- सायबर सेल प्रभारी मयंक मिश्रा की तकनीकी जांच से मिली सफलता

लेकिन इस पर निर्णायक कार्रवाई करते हुए सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ मिलकर न केवल लूट की घटना का खुलासा किया, बल्कि संगठित तरीके से चोरी करने वाले गिरोह को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई बाइक, मोबाइल, नकदी, घटना में प्रयुक्त चाकू, वाहन तथा 32 क्विंटल सरिया सहित कुल



4.88 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की है। 26 मार्च को ग्राम तेलगा में दुर्गेश पाटिल नामक युवक अपने दोस्त के साथ बाइक पर जा रहा था, जब तीन अज्ञात हमलावरों ने चाकू की नोक पर उससे बाइक, नकदी और मोबाइल लूट लिया। इस गंभीर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर सायबर सेल प्रभारी मयंक मिश्रा को विवेचना सौंपी गई।

**सशक्त ऐप बना डिजिटल हथियार:** मयंक मिश्रा की तकनीकी दक्षता ने जांच को नई दिशा दी। संदिग्ध वाहनों की पहचान के लिए उन्होंने /"सशक्त ऐप/" का इस्तेमाल किया, जिसके माध्यम से चोरी की बाइक की पहचान की गई। बाइक में तीन युवक सवार थे जिन्हें मौके पर ही रोका गया और पूछताछ शुरू की गई। प्रारंभिक पूछताछ में ही लूट की वारदात में उनकी संलिप्तता उजागर हो गई।

**लूट से सरिया चोरी तक, एक संगठित गिरोह का खुलासा :** आगे की पूछताछ में यह सामने आया कि ये आरोपी केवल लूट में ही नहीं, बल्कि बेमेतरा, खम्हरिया और साजा थाना क्षेत्रों में सरिया चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहे हैं। उन्होंने कुल 32 क्विंटल लोहे का सरिया चोरी कर उसे दुर्ग जिले के कुम्हारी निवासी मथुरा जांगड़े को बेच दिया था। गिरोह ने खेतों, मकानों के पास रखे निर्माण सामग्री को रात के ▶▶| शेष पेज 11 पर

### जांच अब भी जारी, गिरोह के अन्य सदस्य रडार पर

बेमेतरा पुलिस की यह कार्रवाई न केवल अपराधियों के लिए चेतावनी है, बल्कि आम जनता में भी भरोसा लौटाने वाली है। एसएसपी रामकृष्ण साहू ने सायबर सेल के कार्य को सराहते हुए कहा कि मयंक मिश्रा की तकनीकी समझ, सक्रियता और नेतृत्व ने इस बड़ी कार्रवाई को संभव बनाया। मामले की जांच अभी भी जारी है और संभावना है कि इस गिरोह से जुड़े और भी नाम सामने आएंगे।

# तालाब में नहाने गया किशोर डूबा, दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम मेडकी में सोमवार की सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 15 वर्षीय किशोर देवनाथ वर्मा की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि देवनाथ सुबह के समय गांव के ही तालाब में नहाने गया था, लेकिन लौटकर घर नहीं आया। जब परिजनों ने उसे ढूंढना शुरू किया तो वह तालाब के पानी में अचेत अवस्था में तैरता मिला।

- तीन वर्षों से मिर्गी से पीड़ित था किशोर, जारी था इलाज

मृतक के पिता थनवार वर्मा ने बताया कि उनका बेटा देवनाथ सुबह 6 बजे नहाने के लिए घर से निकला था। जब काफी देर तक वह वापस नहीं आया तो आशंका होने पर वह तालाब की ओर गए, जहां उन्होंने देवनाथ को पानी में अजीब हालत में देखा। ग्रामीणों की मदद से तुरंत उसे तालाब से बाहर निकाला गया, लेकिन उसकी हालत गंभीर थी। परिजन उसे 108 एम्बुलेंस से नवागढ़ के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### बीमारी से जूझ रहा था किशोर

परिजनों के अनुसार, देवनाथ तीन वर्ष की उम्र ही से मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था। उसका इलाज लगातार चल रहा था। परिजन आशंका जता रहे हैं कि तालाब में नहाने के दौरान अचानक मिर्गी का दौरा पड़ा होगा, जिससे वह पानी में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई।

**पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की :** घटना की सूचना मिलते ही संबंधित चौकी संबलपुर थाना नवागढ़ की पुलिस मौके पर पहुंची। ▶▶| शेष पेज 11 पर






## खबर संक्षेप

### शनि प्रकाट्य महोत्सव 27 को, सेक्टर 6 मंदिर में हुआ ध्वज पूजन

**भिलाई।** ज्येष्ठ माह की अमावस्या 27 मई को सभी स्थानों में शनि का प्राकाट् महोत्सव सभी स्थानों में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए शनि मंदिरों में तैयारियां तल रही है। इसी कड़ी में शनैश्वर धाम शनिमंदिर समिति सेक्टर 6 द्वारा शनि प्रकाट्य महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर 27 मई की सुबह 9.30 से देर रात्रि तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा। 27 मई के आयोजन की तैयारी के लिए रविवार को कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व ध्वज पूजन एवं भूमिपूजन किया गया। शैनेश्वर धाम शनिमंदिर के पुजारी एवं समिति के सदस्यों ने विधिवत कार्यक्रम स्थल में ध्वज लगाकर पूजन कर शनि प्रकाट्य महोत्सव की तैयारियां का शुभारंभ किया। आयोजन की जानकारी देते हुए समिति के सदस्य महेंद्र प्रताप सिंह बबलू ने बताया कि हर साल शनि जयंती के अवसर पर वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ हवन-पूजन किया जाता है। जिसमें कोई भी सेवा देने आयोजन में शामिल हो सकते है।

### जामुल में सुशासन तिहार में समाधान शिविर

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का शुभारंभ नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार का वितरण कर किया गया। जिसमें पार्षदगण दीपक गुप्ता संजय देशलहरे, रामप्यारी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। सुशासन तिहार अंतर्गत नगर पालिका परिषद जामुल के वार्ड 9 में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

## पेज 9 के शेष

### लूट और सरिया ...

अंधेरे में निशाना बनाया। **तकनीकी नेतृत्व और टीमवर्क का सफल उदाहरण:** मयंक मिश्रा के नेतृत्व में बनी संयुक्त टीम में थाना बेमेतरा, खम्हरिया, साजा और चौकी कंडरका के अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे। अपराधियों की डिजिटल गतिविधियों को ट्रैक कर मिश्रा ने उनका लोकेशन ट्रेस किया और नेटवर्क को भांपते हुए टीमों को अलग-अलग दिशाओं में रवाना किया। परिणामस्वरूप एक-एक कर सभी 6 आरोपियों ईश्वरी उर्फ पप्पू आडिल (35), पारस महिलांग (23), धनेश्वर उर्फ बिल्ला जांगड़े (24), सुरेन्द्र उर्फ कोका मधुकर (24), रूपेन्द्र उर्फ बड़कु बंजारे (22), मथुरा जांगड़े (60) को गिरफ्तार कर लिया गया।

### तालाब में नहाने ...

पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मर्ग कायम कर लिया है। लिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह एक दुर्घटनावश मृत्यु प्रतीत हो रही है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से किसी पर भी शक जाहिर नहीं किया गया है। **गांव में छाया मातम:** इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। किशोर की अचानक मौत से पूरा मोहल्ला स्तब्ध है। लोग परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे।

## अभियान

**खाद्य मंत्री ने सुशासन तिहार में जनसंवाद कर आवेदनो के निराकरण की स्थिति जानी**

# खंडसरा में लगा 13 वां सुशासन तिहार शिविर जनसमस्याओं का हुआ त्वरित समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत आज नवागढ़ विकासखंड के ग्राम खंडसरा के हायर सेकंड्री स्कूल परिसर में 13 वें समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित इस समाधान शिविर में क्लस्टर खंडसरा मे कुल 13 ग्राम पंचायत अंतर्गत मुरकी, कुरदा, बटार, भवरदा, हेमाबंद, रामपुर, सेमरिया, मरतरा, करचुवा, खंडसरा, बंशापुर, मोहतरा ख, लावातरा शामिल थे इसके अंतर्गत कुल *शिविर में 13 ग्राम पंचायतों से प्राप्त कुल 5656 आवेदनों में से 5549 आवेदनों का त्वरित निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया गया, जिन्हें जनसमूह के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

- अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : खाद्य मंत्री

इस दौरान संबंधित गांवों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित जनता के साथ साझा की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। पात्र हितग्राही को किसान किताब, जॉब कार्ड वितरण, आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। नोनी सुरक्षा योजना के हितग्राही को प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किया गया।

इसके अलावा शिक्षा विभाग अंतर्गत बोर्ड परीक्षा मे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को खाद्य मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। किसानों को किसान किताबें, कृषि पुस्तिका, वितरण किया। उन्होंने उपस्थित जनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि बीते एक माह में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया है। उन्होंने भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि पीएम आवास योजना में अनियमितता करने वालों को निलंबित किया गया है। साथ ही उन्होंने गुणवत्ता युक्त आवास निर्माण पर विशेष जोर दिया।

इस दौरान शिविर मे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नोनी सुरक्षा योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों से योजना का लाभ लेने की अपील की गई साथ ही लाभार्थी महिलाओं को पासबुक सौंपी गईं। शिक्षा विभाग ने विभागीय युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षक पूर्ति की जानकारी दी।




### हितग्राहियों से किया सीधा संवाद

शिविर में बघेल ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर विभागीय अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ली और स्वयं हितग्राहियों से संवाद कर समस्याओं को समझा। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचना ही सुशासन की पहचान है। खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों के समक्ष प्राप्त आवेदनो के निराकरण की जानकारी और शासन की योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री साय की सोच है कि प्रदेश का कोई भी पात्र नागरिक शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। सुशासन तिहार आम जनता से संवाद और समस्याओं के त्वरित समाधान का सशक्त माध्यम है। उन्होंने जल संकट को गंभीर मानते हुए जल संरक्षण की अपील की और बिजली की बचत पर जोर दिया। अंत में मंत्री ने उपस्थित सभी लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और कहा कि सरकार की प्रतिबद्धता है कि हर योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। शिविर मे बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को खाद्य मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

### जनहित में तकनीकी नवाचार

सेवा सहकारी समिति द्वारा माइक्रो एटीएम के माध्यम से पैसा निकासी का प्रदर्शन किया गया, जिससे किसानों को धान उपार्जन केंद्र पर ही तत्काल राशि प्राप्त हो सकेगी। यह सुविधा ग्रामीणों की सहूलियत के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम अनिल वाजपेयी, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अजय साहू, खोरबाहरा (जनपद अध्यक्ष नवागढ़), और फूलबाई मार्कण्डेय (सरपंच खंडसरा) सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# बिजली कटौती से त्रस्त नागरिकों ने प्रशासन के विरूद्ध खोला मोर्चा

**थान खम्हरिया।** नगर पंचायत द्वारा सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत पहले समाधान शिविर का आयोजन मंगलवार को सिन्हा भवन मे किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसी बीच दोपहर करीब 3 बजे अचानक वार्ड क्रमांक 13,14 व 15 के नागरिकों ने वार्ड में हो रही लगातार बिजली कटौती तथा शिविर दिनांक को ही छह घंटे तक बिजली गुल होने से परेशान होकर अधिकारियों के समक्ष हल्ला बोल दिया। मोर्चा खोलते हुए प्रशासन के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। इसी बीच नायब तहसीलदार प्रदीप तिवारी व थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा ने मध्यस्थता करते हुए जेई कामता प्रसाद साहू को उच्च अधिकारी से बातचीत कर तत्काल समस्या का समाधान करने कहा। जिस पर शिविर स्थल पहुँचकर जेई ने कुछ तकनीकी समस्या से नागरिकों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सारी समस्या उक्त वार्डों मे इंटरलाकिंग सिस्टम के कारण उत्पन्न हो रही है, जिसे जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। जीवन साहू, मानलाल पाटिल,जाहिद खान, अफरोज खान,सलीम खान ,राजू सिन्हा,गोविन्दा सिन्हा, अनवर खान,कमलेश साहू,मोहन साहू तथा सफर खान ने बताया कि वार्ड क्रमांक 13,14 व 15 में महिनों से बिजली की अघोषित कटौती जैसा माहौल बना हुआ हुआ है। नागरिकों को एक घंटा भी बिजली समान रूप से नहीं मिल पा रही है, जिससे पेयजल व निस्तारी संकट बना हुआ है। नागरिकों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि नगर में सुचारू रूप से विद्युत प्रदाय नहीं की जा रही है। उन्होने मांग की है कि बरसात पूर्व इंटरलाकिंग सिस्टम में सुधार लाने तथा सघन मानिटरिंग कर समस्या का त्वरित समाधान निकाला जाए।

- शिविर के दिन भी छह घंटे लाइट रही गुल
- बिजली अफसर ने बताई समस्या



### बिजली बंद होने से जलसंकट

गौरतलब है कि वार्ड 14 में नगर पंचायत द्वारा जलापूर्ति की जाने वाली पाइपलाइन का विच्छेद कर दिया गया है। जिससे पेयजल आपूर्ति ठप है, वही निकाय के बोरवेल के माध्यम से पेयजल व निस्तारी की जा रही है। बिजली गुल होने से सभी पंप एकमुश्त बंद होने से पानी समस्या गहरा जाती है।

### समता उद्यान का होगा सौंदर्यीकरण, बनेगा पाथवे

**भिलाई।** नेहरू नगर पश्चिम के वार्ड 4 स्थित समता उद्यान का सौंदर्यकरण किया जाएगा। स्थानीय निवासी रामकुमार गुप्ता के साथ अन्य लोगों द्वारा पूर्व में निर्मित समता उद्यान का सौंदर्यकरण, पाथवे का निर्माण, बच्चों को खेलने के लिए झूला, योग करने के लिए मंच, एक्सरसाइज करने के लिए जिम आदि की मांग की गई थी।

इसे देखने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, उद्यान अधिकारी तुलेश्वर साहू के साथ समता उद्यान निरीक्षण करने पहुंचे। स्थानीय निवासियों के साथ समता उद्यान के चारों तरफ भ्रमण किया। योजना बनाई। किस प्रकार से उद्यान को और व्यवस्थित बना दिया जाए। इससे लोगों के लिए टहलने, बैठने, घूमने एवं अन्य सामाजिक गतिविधियां करने के लिए सुगम हो जाए। उसके लिए प्रस्ताव बनाने के लिए जोन आयुक्त को निर्देशित किया। उद्यान अधिकारी को तत्काल रूप से उद्यान की साफ सफाई एवं झूले या खेल के उपकरण लगे हैं, उसे साफ सुथरा व्यवस्थित करने के लिए निर्देशित किया।

# दो दशक पुरानी ईपीआईसी नंबर समानता की समस्या का निर्वाचन आयोग ने किया समाधान

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समानता से जुड़ी दो दशकों पुरानी समस्या का सफल समाधान कर लिया है। यह समस्या वर्ष 2005 से चली आ रही थी, जब विभिन्न निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा अल्फान्यूमेरिक श्रृंखला में समानता के कारण वास्तविक मतदाताओं को गलती से एक जैसे ईपीआईसी नंबर जारी कर दिए गए थे। इस जटिल समस्या को हल करने के लिए ईसीआई ने देशभर के 99 करोड़ से अधिक मतदाताओं के पूरे डेटाबेस की गहन जांच की। इस प्रक्रिया में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, 4,123 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों और 10.5 लाख मतदान केंद्रों की जानकारी को शामिल किया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि यह समस्या व्यापक नहीं थी और औसतन चार मतदान केंद्रों में केवल एक ईपीआईसी नंबर की समानता देखी गई। क्षेत्रीय स्तर पर सत्यापन से यह स्पष्ट हुआ कि समान ईपीआईसी नंबर वाले सभी मतदाता वास्तविक हैं, और वे भिन्न-भिन्न निर्वाचन क्षेत्रों तथा मतदान केंद्रों में पंजीकृत हैं। आयोग ने सभी प्रभावित मतदाताओं को नए नंबरों के साथ ईपीआईसी कार्ड पुनः जारी कर दिए हैं।

- देशभर के 99 करोड़ मतदाताओं के आंकड़ों की जांच के बाद जारी हुए नए पहचान पत्र

### 2005 में हुई थी समस्या

इस समस्या की शुरुआत वर्ष 2005 में हुई, जब राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा विकेंद्रीकृत ढंग से निर्वाचन क्षेत्र-विशिष्ट अल्फान्यूमेरिक श्रृंखलाओं का उपयोग किया गया। 2008 में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद इन श्रृंखलाओं में आवश्यक परिवर्तन किए गए, किंतु कुछ क्षेत्रों में पुरानी श्रृंखलाओं का उपयोग जारी रहा या टाइपिंग में हुई त्रुटियों के कारण गलत श्रृंखलाएं प्रयोग में लाई गईं।

### विश्वसनीयता और पारदर्शिता में आई मजबूती

ईसीआई ने यह स्पष्ट किया है कि समान ईपीआईसी नंबर के कारण किसी भी मतदाता को गलत मतदान केंद्र पर मतदान करने की अनुमति नहीं मिली। प्रत्येक मतदाता का नाम केवल उसके निवास क्षेत्र के संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में ही दर्ज होता है। अतः इस तकनीकी त्रुटि का किसी भी चुनाव के परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। निर्वाचन आयोग द्वारा की गई इस व्यापक कार्रवाई से मतदाता सूची की विश्वसनीयता और पारदर्शिता में और अधिक मजबूती आई है।

# पीएमश्री आत्मानंद विद्यालय में दस दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

**देवकर।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय देवकर में 13 मई मंगलवार से दस दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। केंद्र शासन के महत्वपूर्ण योजना पीएमश्री स्कूल के अन्तर्गत यह समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पूर्णतः स्वैच्छिक है जिसमें विद्यार्थी पालक के सहमति से भाग ले रहे हैं। इस समर कैंप में विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है जिसके अंतर्गत संगीत, नृत्य, खेलकूद, खिलौना बनाना, बांस हस्तशिल्प कला, पेंटिंग, वीडियोग्राफी, ब्यूटी पार्लर कोर्स, बेसिक कम्प्यूटर, वित्तीय साक्षरता एवं सामान्य अध्ययन आदि सम्मिलित है। इन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में कौशल तथा उद्यमिता का विकास होगा तथा कुछ नया सीखने को भी मिल रहा है। इस समर कैंप में बच्चों को विद्यालय द्वारा स्वल्पाहार भी प्रदान किया जा रहा है। ये रहे उपस्थित प्रथम दिवस के अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष सुरेश सिहोरे सहित उपाध्यक्ष अतुल शर्मा, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य मंजू अग्रवाल, रजनी गुप्ता, दीपिका सोनी, टिकेश्वरी साहू, ज्योति ठाकुर, विद्यालय के प्राचार्य अनिल डहाले सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं, संस्कार और आत्मविकास भी उतना ही जरूरी है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में दस दिवसीय समर कैम्प का समापन हुआ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक दीपेश साहू सहित जिला पंचायत सभापति गोवेंद पटेल, जनपद अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर शामिल रहे। इस दौरान सम्पूर्ण समर कैम्प में मौजूद बच्चों को सर्टिफिकेट्स के सम्मान पत्र, गिफ्ट्स वितरीत किया गया।

- ब्रह्माकुमारी संस्था में समर कैंप का भव्य समापन

विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि पहले मैं भी शिक्षक रहा हूँ लेकिन ज्यादा समय बच्चों को नहीं दे पाया, मैं राजनीति में आ गया, मैं शिक्षा के लिए यही कहूंगा कि अभी जिस तरह से समर कैम्प में आपने हिस्सा लिया, और आप जब स्कुल की शिक्षा में स्कुल जाते हैं तो आपके पास केवल पुस्तकें होती हैं, और अधिकतर पेरेंट्स उस किताबी ज्ञान को पढ़ाने में लग जाते हैं कि आपको इस सब्जेक्ट को पढ़ना है, हमारे दिन की शुरुवात पुस्तक पढ़ने से लेकर रात को समाप्त होता है और वो भी पुस्तक तक सीमित रहता है, ये अधिकतर जो दिखता है उसको बता रहा हूँ इसका कारण बच्चे नहीं बल्कि माता पिता हैं, हम हमारे बच्चों को एक मशीन बनाना चाह रहे हैं,उन्होंने बच्चों को गलत और सही रास्ते की पहचान बताते हुए बताया कि गलत रास्ता क्या है लड़ाई झगड़ा करना, मोबाईल में गलत चीजें देखना, सोशल मिडिया का गलत इस्तेमाल करना, फोन में ज्यादा बातें करना, वीडियो गेम्स खेलना, ये सरे चीजें गलत काम हैं, बच्चों के लिए सबसे इम्पोर्टेन्ट चीजें पढाई करना है।

पढ़ाई के लिए आप लोगों को मोटिवेशन की जरुरत पड़ती है, और बाकी सभी काम करने के लिए कोई मोटिवेशन की जरुरत नहीं पड़ती। पढ़ने के लिए एक उद्देश्य एक लक्ष्य होना चाहिए, आपके पास बनिंग डिजायर दृढ़ इच्छा शक्ति होनी चाहिए कि मुझे यह बनना है। यदि आपके पास लक्ष्य नहीं होगा तब तक पढाई में आपको रूचि भी नहीं होगी।



### सांस्कृतिक प्रस्तुति और संस्कारों का समावेश

कार्यक्रम की शुरुवात में बच्चों ने स्वागत नृत्य से किया, और डिजिटल सोशल मिडिया विषय पर नाट्य प्रस्तुति करने के पश्चात माता पिता को संस्कारिक अंदाज में फ्लॉवर देकर सभी अविभावको को भाव विभोर कर दिया। इस समर कैम्प की शिक्षाओं से बच्चों के संस्कारों में विशेष परिवर्तन देखने को मिला, अनेक बच्चों ने इस दस दिनों में टी वी मोबाईल नहीं देखा ऐसे बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र तथा गिफ्ट से सम्मानित किया गया। इस समर कैम्प के समापन समारोह में बच्चों को बेस्ट छात्र छात्रा सम्मान, वेस्ट से बेस्ट सम्मान, डांस विजेता सम्मान, बेस्ट ड्राइंग पेंटिंग सम्मान, नीबूं दौड़, बोरा दौड़ अन्य गेम्स विजेता सम्मान, रेग्युलर आने वाले सभी बच्चों को सर्टिफिकेट्स से सम्मानित किया गया। कई बच्चों ने अविभावक के सामने समर कैम्प से प्राप्ति के अपने अपने अनुभव सुनाये। इस समर कैम्प की शिक्षाओं से बच्चों के संस्कारों में विशेष परिवर्तन देखने को मिला , अनेक बच्चों ने इस दस दिनों में टी वी मोबाईल नहीं देखा ऐसे बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र तथा गिफ्ट से सम्मानित किया गया। संस्था प्रमुख बी के शशि दीदी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति अगले वर्ष भी बच्चों के लिए समर कैम्प का आयोजन किया जायेगा। कल से सभी अविभावकों के लिए निःशुल्क राजयोग मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, अतः सभी अविभावक इस मेडिटेशन शिविर का लाभ अवश्य लें।

# बंगोली मे हुए सड़क हादसे में पीड़ित परिवार से विधायक ने की मुलाकात, शोक संवेदना की व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर 11 तारीख की रात बंगोली गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में बेमेतरा जिले की ग्राम आनंदगाव निवासी वर्षा साहू, उनकी 6 वर्षीय बेटी भूमि एवं 4 माह के पुत्र उमंग भी शामिल हैं।

यह त्रासदी उस समय हुई जब वर्षा साहू अपने मायके से छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होकर ग्राम बाना से लौट रही थीं। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू पीड़ित परिवार से मिलने ग्राम आनंदगांव पहुंचे। उन्होंने मृतका वर्षा साहू के परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना प्रकट की एवं इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की अपील की। और पीड़ति परिवार को आर्थिक सहयोग राशि प्रदान किया।

इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और असहनीय है। एक साथ एक मां और उसके दो मासूम बच्चों का यूं चले जाना पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मैं व्यक्तिगत रूप से इस दुःखद घड़ी में परिवार के साथ खड़ा हूं और विश्वास दिलाता हूं कि हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

**दुर्घटना की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग:** विधायक साहू ने कहा केंद्र सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये एवं घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता घोषित की गई है, वहीं राज्य सरकार द्वारा मृतकों को 5 लाख रुपये एवं घायलों को 50 हजार रूपये की राहत राशि देने का निर्णय लिया गया है।" साहू ने प्रशासन से इस दुर्घटना की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही शासन प्रशासन से बात कर आर्थिक सहयोग राशि दिलाने का आश्वासन भी दिया। साथ ही उन्होंने कहा की मैं इस दुःख की इस घड़ी में हम सभी पीड़ित परिवार के साथ हैं और हमेशा साथ रहेंगे और जो भी सहयोग की जरूरत रहेगी आज और आगामी समय मे निस्वार्थ भाव से सहयोग करूंगा।





खबर संक्षेप

## पीएटी एवं पीवीपीटी परीक्षा 15 मई को

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पी.ए.टी. एवं पी.वी.पी.टी. भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 15 मई गुरुवार को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक किया जाएगा। इस परीक्षा में बेमेतरा जिले से कुल 1075 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 3 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं इसमें शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अनिवार्य रूप से साथ लाएं। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि लाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा, जैसा कि व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में उल्लेखित है। परीक्षा के दौरान नकल या अन्य असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। इसके साथ ही, प्रत्येक परीक्षा केंद्र में गोपनीय परीक्षा सामग्री की सुरक्षित आपूर्ति एवं संकलन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं तथा सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्नता हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया है। पुलिस प्रवक्ता पदमश्री तंवर ने बताया कि बाइक सीजी 07 सीटी 5837 में अवैध रूप से प्लास्टिक बोरी में शराब भरकर बाइक के सामने रखकर दादर से नंदौरी लेकर जाने की सूचना मिली थी।

परिणाम

# बोर्ड परीक्षा में कमालः बारहवीं में अभिनव जैन और दसवीं में कृष्णा गोयल अव्वल

### सफलता एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की 12वीं एवं 10वीं में अर्जित की शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा












एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा का कक्षा बारहवीं एवं दसवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा का कक्षा बारहवीं का यह नौवाँ एवं दसवीं का ग्यारहवाँ बैच था और इस बैच ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों ही कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में अभिनव जैन ने 98.20% अंग्रेजी में 91, अर्थशास्त्र में 96, बिजनेस स्टडी में 99, अकाउंट में 97, इंटरप्रेन्योरशिप में 100, मार्केटिंग 99, अंक अर्जित कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं में कृष्णा गोयल ने 98.00% अंग्रेजी-92, हिन्दी-96, गणित-99, विज्ञान-96, सामाजिक विज्ञान-99 तथा अतिरिक्त विषय कम्प्यूटर ए.आई. में 100 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छात्रावास में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कक्षा बारहवीं में बालिका छात्रावास से मांसी चंद्रवंशी ने 96.80% एवं बालक छात्रावास से ईशान खंडेलिया ने 96.40% अंक अर्जित कर टॉप किया। वहीं कक्षा दसवीं में बालिका छात्रावास से नियति गोयल ने 93.60% एवं बालक छात्रावास से कृष्णा गोयल ने 98.00% अंकों के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### कला ह्यूमिनिटिस समूह के 18 विद्यार्थी हुए शामिल

इस वर्ष केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा बारहवीं में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के कुल 184 विद्यार्थी सम्मिलित हुए एवं दसवीं में 216 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें बारहवीं कक्षा में जीव-विज्ञान समूह के 43, गणित समूह के 22 और वाणिज्य कॉमर्स समूह के 101 व कला ह्यूमिनिटिस समूह के 18 विद्यार्थी शामिल हुए। कक्षा बारहवीं में 26 छात्र-छात्राओं ने 90 या उससे अत्यधिक प्रतिशत अंक अर्जित किए जिनमें विद्यालय में अभिनव जैन ने प्रथम स्थान पर 98.20 प्रतिशत, द्वितीय स्थान में मांसी चंद्रवंशी ने 96.80 प्रतिशत, तृतीय स्थान में ईशान खंडेलिया 96.40 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान में वंदना भट्टर 96.40 प्रतिशत, पंचम स्थान में आयुष अग्रवाल 95.60 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इनके अतिरिक्त 21 और विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक अर्जित किये जिनमें सिदक कुमार सलूजा 95.20 प्रतिशत, प्रगति माखीजा 94.20 प्रतिशत, आर्यन मित्तल 93.60 प्रतिशत, एवं गणित संकाय से भौमिक सिंह राजपूत 93.60 प्रतिशत, तथा जीव विज्ञान संकाय से जसमीत कौर दत्ता ने 93.20 प्रतिशत एवं कॉमर्स संकाय से कुशांश राठी ने 93.00 प्रतिशत, सौम्य अग्रवाल ने 93.00 प्रतिशत एवं यश पटेल 92.60 प्रतिशत, अजीता अग्रवाल 92.00 प्रतिशत, खुशबू रोहरा 92.00 प्रतिशत, दिव्यान्श यादव 91.40 प्रतिशत, आनया सोनी 91.20 प्रतिशत, प्रियान्शु शर्मा 91.20 प्रतिशत, स्म्रती अग्रवाल 91.20 प्रतिशत, आदित्य अग्रवाल 91.00 प्रतिशत, नोईशा मित्तल 91.00 प्रतिशत, कोमल अग्रवाल 90.80 प्रतिशत, सचदीप सिंह सलूजा 90.80 प्रतिशत, जीतेश कुमार चंद्रा 90.40 प्रतिशत, लीना साहू 90.40 प्रतिशत, आदिश्री दुबे 90.40 प्रतिशत अंक अर्जित किए। अभिनव जैन ने एकेडमिक स्कूल के शिक्षकों का धन्यवाद देते हुए कहा कि, उसके सफलता में माता-पिता एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वहीं मांसी चंद्रवंशी ने अपने सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

**साइकॉलजी में जसमीत को मिला शत-प्रतिशत अंक :** कक्षा बारहवीं मे दस विद्यार्थियों ने विभिन्न विषय में सत-प्रतिशत अंक अर्जित किए जोकि इंटरप्रेन्योरशिप विषय में अभिनव जैन ने 100 (शत-प्रतिशत) अंक, पेंटिंग विषय में मानसी चंद्रवंशी, वंदना भट्टर, कोमल अग्रवाल, भूमिका वर्मा, अवर्त विवेक पोल, हर्षिता लूनीया, साक्षी बर्मा, 100 (शत-प्रतिशत) अंक, साइकॉलजी विषय में जसमीत कौर व योगा में वेद प्रकाश पटेल ने 100 (शत-प्रतिशत) अंक प्राप्त किया। दसवीं कक्षा में इस वर्ष केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं में ऐकेडेमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के कुल 216 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें विद्यालय में प्रथम स्थान कृष्णा गोयल ने 98.00 प्रतिशत, द्वितीय स्थान में अक्ष गुप्ता ने भी 97.40 प्रतिशत, तृतीय स्थान काव्या शर्मा 97.00 प्रतिशत, चौथा स्थान गुनगुन वर्मा 96.20 प्रतिशत, पांचवा स्थान में बरखा साहू 96.20 प्रतिशत, छठवे स्थान में रीत शर्मा 95.40 प्रतिशत, सातवे स्थान में अंकुर शर्मा 95.00 प्रतिशत अंक अर्जित किए।

**लहर सिंघानिया 94.40 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण :** कक्षा दसवीं में 43 छात्र-छात्राओं ने भी 90 या उससे अत्याधिक प्रतिशत अर्जित किये जिनमें उपरोक्त छात्रों के अलावा लहर सिंघानिया ने भी 94.40 प्रतिशत, डॉली सेन 94.00 प्रतिशत, पार्थ देवांगन 93.80 प्रतिशत, विना साहू 93.60 प्रतिशत, अनुष्का गुप्ता 93.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा दसवीं मे चौदह विद्यार्थियों ने ए.आई विषय में सत-प्रतिशत अंक पाने वाले विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार है कृष्णा गोयल, काव्य शर्मा, रीत शर्मा, लहर सिंघानिया, नीविया देवांगन, समर्थ अग्रवाल, नमन खियालनी, परेश रितेश अग्रवाल, खुशी खियालनी, नीरज कुमार निषाद, अनुराग सोनी, ऐश्वर्या अग्रवाल, शौर्य श्रीवास्तव एवं शाश्वत जयसवाल 100 में से 100 अंक अर्जित किये। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपना-अपना अनुभव व्यक्त करते हुए कहा कि एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा ने उन्हे अध्ययन के लिए जो वातावरण (माहौल) प्रदान किया वो सर्वथा शिक्षण-शिक्षा के लिए अनुकूल है। संस्था में कार्यरत उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों के सानिध्य व कुशल मार्गदर्शन से ही उन्होने यह उपलब्धि हासिल की है। प्रारंभ से ही एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा रोज नित-नए कीर्तिमान रचते जा रहा है। इसका कारण यहाँ शिक्षा का अनुकूल वातावरण तथा योग्य व अनुभवी शिक्षकों का कुशल मार्गदर्शन रहा है। जिसके कारण विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

### लक्ष्य के प्रति समर्पण का साक्षात प्रमाण है परिणाम : राकेश

बालक छात्रावास से कृष्णा गोयल (98.00%) एवं बालिका छात्रावास से मांसी चंद्रवंशी (96.80%) ने अपने वक्तव्य मे कहा की आज ये जो हमने अंक अर्जित किए है उसका श्रेय विद्यालय के हॉस्टल को जाता है, हॉस्टल मे रहते हुये जो एकेडमिक मोनिट्रिंग एवं एनालिसिस किया जाता है उससे विद्यार्थियों को एक एक्सट्रा सपोर्ट मिलता है एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन आखरी समय तक मिलता रहता है। विद्यालय उप-प्राचार्य राकेश कुमार ने कहा आज का परीक्षा परिणाम हमारे विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और उनके लक्ष्य के प्रति समर्पण का साक्षात प्रमाण है। विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने कहा की यह उत्कृष्ट उपलब्धि वास्तव में गर्व का विषय है। केवल अपने माता-पिता और शिक्षकों को गौरवान्वित किया है, बल्कि एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल का नाम भी रोशन किया है। यह सफलता आपकी लगन, अनुशासन और निरंतर प्रयासों का परिणाम है।



# खंडसरा समाधान शिविर में बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खंडसरा समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी गयी। विभाग की महिला अधिकारियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बालिकाओं को स्वच्छ मासिक धर्म प्रबंधन के महत्व को सहज और सरल भाषा में समझाया जा रहा है।

मासिक धर्म जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अभी भी समाज में संकोच और चुप्पी का वातावरण है, जिससे महिलाएं अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को खुलकर नहीं बता पातीं। अस्वच्छता के कारण उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए शिविर में बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए जा रहे हैं और हीमोग्लोबिन की जांच भी की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रवेश सिसोदिया ने बताया कि किशोरी बालिकाओं को स्वच्छ मासिक धर्म प्रबंधन के लिए न केवल जानकारी दी जा रही है, बल्कि उन्हें शिक्षित भी किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 28 मई को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में "विश्व महावारी स्वच्छता दिवस" का आयोजन किया जाएगा, जिसमें इस विषय पर जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।




